it under the Madras Dock Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1956.

(b) No.

कोयला खान समिति

६६८. श्री म० ला० द्विवेदी : क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस्तम्बूल (तुर्की) में ३० अप्रैल, से १२ मई, १९५६ तक हुये कोयला खान समिति के छठे अधिवेशन में क्या निर्णय किये गये ,

(ख) उनका भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ; और

(ग) उन्हें भारत में लागू करने के लिये क्या कार्यवाही की गयी है ?

श्रम और रोजगार तथा योजना मंत्री (श्री नन्दा) : (क) समिति की मुख्य सिफारिशें कोयला खानों में सुरक्षा, भरती, और कोयला खान उद्योग में व्यावसायिक प्रशिक्षण के बारे में है ।

(ख) और (ग) समिति की सिफारिशें राज्य सरकारों, कामगरों और नियोजकों के केन्द्रीय संगठनों, आदि के ध्यान में लाई गई हैं । सिफारिशों को यथासंभव धीरे-धीरे अमल में लाया जा रहा है ।

भवन, असैनिक इंजीनियरिंग और लोक-निर्माण सम्बन्धी समिति

६६९. श्री म० ला० द्विवेदी : क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जेनेवा में मई, १९५६ में भवन, असैनिक इंजीनियरिंग और लोक-निर्माण सम्बन्धी समिति का जो पांचवां अधिवेशन हुआ था, उसमें क्या निर्णय किये गये और उनका भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ,

(ख) इस अधिवेशन में भाग लेने के लिये भारत से कितने प्रतिनिधि भेजे गये और उन पर भारत सरकार का कितना व्यय हुआ , और

(ग) वे निर्णय भारत में किस हद तक लागू किये गये हैं ?

श्रम और रोजगार तथा योजना मंत्री (श्री नन्दा) : (क) और (ग) समिति ने जो मुख्य प्रस्ताव पास किये वे निम्नलिखित विषयों से सम्बन्धित हैं :

(१) निर्माण उद्योग में सुरक्षा ,

(२) सुरक्षा क्षेत्र में टेकनिकल सहायता , और

(३) राष्ट्रीय आवास कार्य-क्रम और पूर्ण रोजगार ।

प्रस्तावों को धीरे धीरे ही अमल में लाया जा सकता है । समिति की सिफारिशें राजसरकारों, केन्द्रीय प्रशासित क्षेत्रों सम्बन्धित केन्द्रीय मन्त्रालयों, और कामगरों तथा नियोजकों के अखिल भारतीय संगठनों को भेजी गई हैं ।

(ख) भारत से पांच प्रतिनिधि भेजे गये । इस मीटिंग पर भारत सरकार का कुछ भी व्यय नहीं हुआ ।

दिल्ली में सरकारी कार्यालयों के लिये स्थान

६७०. श्री म० ला० द्विवेदी : क्या निर्माण, आवास और संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय दिल्ली में सरकारी कार्यालयों के पास जो स्थान है उसका कुल क्षेत्रफल कितना है, और

(ख) उन के लिये कितने अतिरिक्त स्थान की आवश्यकता है ?